बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 41/2025

प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2025–2027 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2025 के लिये ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 08/2025, पी0आर0 20/2025 एवं पी0आर0 29/2025 के क्रम में प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2025–27 में नामांकन हेतु डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2025 हेतु आवेदन व परीक्षा शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका डमी प्रवेश पत्र समिति के पोर्टल **https://www.deledbihar.com** पर **दिनांक 11.02.2025 से 17.02.2025 तक** अपलोड रहेगा, जिसे अभ्यर्थी अपना यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड अंकित कर अवलोकित एवं डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित एक–एक विवरण को सावधानी से जाँच कर लें। इस क्रम में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो वे उक्त अवधि में पोर्टल पर ही त्रुटि सुधार अवश्य कर लें।

2. डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरण में सुधार के क्रम में जिन अभ्यर्थियों के आरक्षण कोटि में परिवर्तन होता है, उन्हें परिवर्तित कोटि के लिए निर्धारित शुल्क की शेष राशि का भुगतान करना होगा, अर्थात् एस0सी0/एस0टी0/दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थी कोटि सुधारोपरांत यदि अन्य कोटि में चले जाते हैं तो उन्हें उस कोटि के लिये निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि रु0 200/– ऑनलाईन विधि से **दिनांक 17.02.2025 तक** जमा करना होगा, अन्यथा उनका मूल प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।

3. दिनांक 17.02.2025 के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

4. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 08/2025 के अन्तर्गत प्रकाशित शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)